# श्री अनिल कपूर बीएचईएल के निदेशक (मानव संसाधन)  नियुक्त किए गए



**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर: 57 वर्षीय श्री अनिल कपूर ने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के बोर्ड में निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति होने पर, सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग और विनिर्माण उपक्रम के निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में पदभार ग्रहण किया।**

इस पदभार को ग्रहण करने से पूर्व, वे कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन व कॉर्पोरेट संचार), कॉर्पोरेट कार्यालय, के रूप में मानव संसाधन समूह का नेतृत्व कर रहे थे, और मानव संसाधन प्रक्रियाओं के सभी पहलूओं जिनमें मा.सं में प्रतिभा अर्जन व प्रबंधन, कर्मचारी भर्ती, औद्योगिक संबंध, मा.सं. नीति, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, चिकित्सा, राजभाषा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण, ज्ञानार्जन व विकास एवं कॉर्पोरेट संचार जैसे परिवर्तनशील एवं मुख्य क्षेत्र सम्मिलित हैं, का कार्यभार संभाले हुए थे।

श्री कपूर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्होंने भारतीय सांख्यकीय संस्थान, मद्रास से स्टेटिकल क्वालिटी कंट्रोल व ऑपरेशन्स रिसर्च में सर्टिफिकेट कोर्स भी किया है।

श्री कपूर को एचईईपी, हरिद्वार एवं कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली इकईयों के मानव संसाधन प्रबंधन के साथ गुणता, प्रोद्योगिकी एवं उत्पादन गतिविधियों का 37 वर्षों का सैद्धांतिक व व्यवहारिक कार्यानुभव प्राप्त है। श्री कपूर लोकान्मुख प्रवृत्ति के हैं और भारत सरकार द्वारा कल्पित विभिन्न अभिनव और प्रमुख परियोजनाओं जैसे कौशल विकास, उदयन शालिनी, स्वच्छ भारत, और कैशलेस अभियान के कार्यान्वयन में सहायक रहे हैं।

श्री कपूर ने कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में अभियंता प्रशिक्षु के रूप में अपना कैरियर आरंभ किया और उसके बाद हेवी ईलेक्ट्रिकल ईक्विपमेट प्लांट, हरिद्वार में पदस्थ हुए जहाँ उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग क्षमताओं पर अपना योगदान दिया।

इनके नेतृत्व में बीएचईएल को एवं मा.सं. उत्कृष्टता सुरक्षा, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे क्षेत्रों में विभिन्न पुरस्कार व प्रसंशाओ से सम्मानित किया गया  है।  श्री कपूर को अभिनव प्रौद्योगिकी विकास हेतु दो बार बीएचईएल एक्सेल अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है ।